के अध्यक्ष चंद्र नाथ बनर्जी एवं सचिव माध्यम से जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधि उपाध्यक्ष वेस्ट जोन बी, विनय कुमार मौजूद थे.

राजेंद्र विद्यालय. समारोह में हुई पुरस्कारों की बारिश

आयुष को केबी सिन्हा और ओमिशा श्री को सीडी सिंह अवार्ड दिया गया

जेइइ मेन की परीक्षा में सिटी टॉपर सुप्रीति कुमारी को मिला स्पेशल प्राइज

संवाददाता ▷ जमशेदपुर

राजेंद्र विद्यालय परिवार व बिहार एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को विद्यालय परिसर में आइसीएसइ व आइएससी बोर्ड में उम्दा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए समारोह आयोजित किया गया. शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए इस साल राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने वाली स्कूल के 1993 बैच की पूर्व छात्रा इशिता डे को भी सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएन चौधरी ने कहा कि बिहार एसोसिएशन व राजेंद्र विद्यालय का स्वर्णिम इतिहास रहा है. इसे आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास पर उन्होंने बल दिया. मौके पर आइएससी टॉपर आयुष कुमार को केबी सिन्हा अवार्ड से नवाजा गया. उन्हें 10,000 रुपये नकद, सर्टिफिकेट व स्मृतिचिह्न प्रदान किया गया. आर्यन को नकद 8,000 रुपये, जबकि एस तृशा को 6,000 रुपये का पुरस्कार दिया गया. वहीं आइसीएसइ की टॉपर ओमिशा श्री को सीडी सिंह अवार्ड दिया गया. इसके एवज में उन्हें नकद 10,000 रुपये की राशि दी गयी. वहीं आइसीएसइ की सेजल सौम्या को नकद 8,000 रुपये, जबकि सायोनिका घोष व समग्र भारती को 6000-6000 रुपये का नकद पुरस्कार मिला. सुप्रीति कुमारी को जेइइ मेन की परीक्षा में सिटी टॉपर बनने पर स्पेशल प्राइज दिया गया. प्रिंसिपल राखी बनर्जी ने कहा कि एक साथ इतने पुरस्कार प्रदान किया जाना साबित करता है कि बच्चों की एकेडमिक बेहतरी के लिए स्कूल प्रबंधन की ओर से किये जा रहे प्रयास रंग ला रहे हैं. मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएन चौधरी, उपाध्यक्ष डॉ एसके सिंह, महासचिव सीपीएन सिंह, स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव विवेकानंद, प्रिंसिपल राखी बनर्जी को भी सम्मानित किया.